नीतिआयोग स्वास्थ्य सूचकांक 2021 में उत्तर प्रदेश

चर्चा में क्यों?

27 दिसिंबर, 2021 को सरकारी थिंक टैंक नीतिआयोग ने 2019-20 के लिये अपने स्वास्थ्य सूचकांक का चौथा संस्करण जारी किया, जिसमें समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के आधार पर राज्यों की रैंकिंग की गई। इसमें बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे अंतिम स्थान पर है, वहीं केरल शीर्ष पर है।

प्रमुख बिंदु

- रिपोर्ट को तीन भागों में बाँटा गया था- बड़े राज्य, छोटे राज्य और केंद्रशासित प्रदेश। छोटे राज्यों में मिज़ोरम सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य रहा जबकि नागालैंड सबसे नीचे रहा।
- नीतिआयोग की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रशासित प्रदेशों में चंडीगढ़ शीर्ष पर है, उसके बाद दादरा और नगर हवेली दूसरे नंबर पर तथा दिल्ली तीसरे नंबर पर है।
- बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में उत्तर प्रदेश 30.57 स्कोर के साथ 19 राज्यों में अंतिम स्थान पर है, हालाँकि आधार वर्ष (2018-19) से संदर्भ वर्ष (2019-20) में उच्चतम वृद्धिशील परिवर्तन दर्ज करके वृद्धिशील प्रदर्शन के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर रहा।
- बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में केरल 82.20 स्कोर के साथ पहले स्थान पर है, जबकि तमिलनाडु 72.42 स्कोर के साथ दूसरे एवं तेलंगाना 69.96 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।
- नीतिआयोग का स्वास्थ्य सूचकांक एक भारित समग्र स्कोर है, जिसमें स्वास्थ्य प्रदर्शन के प्रमुख पहलुओं को शामिल करते हुए 24 संकेतक हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-in-niti-aayog-health-index-2021